दिनांक 06.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 566 / 2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

लखनऊ में 4543 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को मिला उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा का अवसर

- **मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के 4,543 नवचयनित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।**
- **पिछले साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.26 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती।**
- **पुलिस प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाकर एक साथ 60 हजार कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने की व्यवस्था।**
- **पुलिसकर्मियों की आवासीय सुविधाओं के विस्तार के अंतर्गत 74 थानों के आवासीय भवनों तथा पुलिस लाइंस में 146 हॉस्टल का निर्माण।**
- **मिशन कर्मयोगी के iGOT पोर्टल पर उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों द्वारा एक करोड़ कोर्स पूर्ण करने की उपलब्धि।**

आज दिनांक 06.11.2026 को पुलिस लाइन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के 4,543 नवनियुक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 **श्री राजीव कृष्णा** द्वारा मुख्य अतिथि मा० मुख्यमंत्री जी को प्लांटर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया।

मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा मंच पर सुश्री अंशु गंगवार (शाहजहांपुर), अभय यादव (संत रविदास नगर), रवि प्रताप कुशवाहा (देवरिया), सुश्री प्राची सविता, सुश्री साक्षी गोंड (बलिया), रंजीत खरवार (गाजीपुर), अभिषेक कुमार पाल (गोरखपुर), अनूप कुमार मौर्य (जौनपुर), अजहरुद्दीन खान (हमीरपुर), निलय मिश्रा (संत कबीर नगर), सुश्री फरहत जहां (सहारनपुर), श्वेता भदौरिया (आगरा), आशुतोष राय (गाजीपुर), अमित कुमार दुबे (जौनपुर) एवं मयंक शाक्य (कानपुर नगर) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री जी ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न विंगों के लिए चयनित 4,543 नवनियुक्त उपनिरीक्षकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया गया है। उन्होंने नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल सेवाकाल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 2.26 लाख से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों की भर्ती की गई है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता, आधारभूत संरचना एवं पुलिसिंग व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का उल्लेख करते हुए बताया कि पुलिसकर्मियों की प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाकर एक साथ 60 हजार कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने योग्य बनाई गई है। साथ ही, पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय एवं

अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। प्रदेश में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (UPSSF) एवं राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) का गठन तथा पीएसी की 54 कंपनियों का पुनर्गठन किया गया है। साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रत्येक जनपद में साइबर क्राइम थाना एवं प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के सात जनपदों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बदलते अपराध स्वरूप एवं आधुनिक तकनीकी चुनौतियों को देखते हुए नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को नए आपराधिक कानूनों, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

नवनियुक्त उपनिरीक्षकों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वे गरीब, पीड़ित एवं वंचित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं न्यायपूर्ण व्यवहार रखते हुए उनकी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे कानून के दायरे में लाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को न्याय मिले और कोई भी व्यक्ति स्वयं को उपेक्षित महसूस न करे। पुलिसकर्मियों को अपने कार्य एवं आचरण से आमजन का विश्वास अर्जित करना चाहिए, क्योंकि जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है।

माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री, श्री सुरेश खन्ना ने अपने सम्बोधन मे नवचयनित उपनिरीक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप पुलिस बल ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि 4,543 नवचयनित उपनिरीक्षकों का चयन पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत योग्यता के आधार पर हुआ है। उन्होंने उनसे पीड़ितों के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष एवं ईमानदार रहते हुए न्यायपूर्ण विवेचना करने तथा अपने विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायहित में करने की अपेक्षा की। साथ ही कहा कि पुलिस का व्यवहार ऐसा हो कि आम नागरिक बिना भय या संकोच के थाने पहुंच सके और उसे न्याय मिलने का विश्वास हो।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्णा ने अपने संबोधन में 4,543 नवनियुक्त उपनिरीक्षकों का उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र केवल सरकारी सेवा में प्रवेश का दस्तावेज नहीं, बल्कि अगले 35 से 40 वर्षों की जिम्मेदारपूर्ण सेवा यात्रा की शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की क्षमता एवं आधारभूत संरचना का व्यापक विस्तार हुआ है। इस अवधि में 2.26 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है। प्रदेश में 134 नए पुलिस थाने, 07 महिला थाने एवं 95 पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं। पुलिसकर्मियों की आवासीय सुविधाओं के विस्तार के अंतर्गत 74 थानों के आवासीय भवनों के साथ पुलिस लाइंस में 24 ट्रांजिट हॉस्टल, 60 पुरुष हॉस्टल एवं 62 महिला हॉस्टल का निर्माण कराया गया है।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि बदलते अपराध स्वरूप एवं तकनीकी चुनौतियों के दृष्टिगत पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्गठित किया गया है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में साइबर क्राइम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), सिमुलेशन, केस स्टडी, रोल प्ले एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण जैसे विषय शामिल किए गए हैं, ताकि पुलिसकर्मियों में कानून की जानकारी के साथ परिस्थितियों के अनुरूप त्वरित एवं उचित निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सके।

उन्होंने बताया कि मिशन कर्मयोगी के iGOT पोर्टल के माध्यम से निरंतर प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस देश का पहला विभाग बना है, जिसके कार्मिकों ने इस पोर्टल पर एक करोड़ कोर्स पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने इसे पुलिस बल में निरंतर सीखने एवं स्वयं को बेहतर बनाने की विकसित होती कार्य संस्कृति का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।

नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उपनिरीक्षक का पद अधिकारों के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी लेकर आता है। पुलिसकर्मियों का व्यवहार संवेदनशील, विवेचना निष्पक्ष तथा कार्रवाई समयबद्ध होनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस सेवा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास एवं सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कानून से ऊपर कोई नहीं है और प्रत्येक व्यक्ति के साथ न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंत में उन्होंने सभी नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को उज्ज्वल सेवाकाल की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिवारजनों को भी बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, विधायकगण श्री राजेश्वर सिंह, डॉ. नीरज बोरा, श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव एवं श्री अम्बरीश कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह श्री संजय प्रसाद तथा अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था श्री अमिताभ यश सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, नवनियुक्त अभ्यर्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।






RAJEEV KRISHNA







दिनांक 06.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 567/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद इटावा/थाना भरेह

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 06.11.2026 को थाना भरेह पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महुआसूडा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त शिवपूजन को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना भरेह पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना भरेह पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–शिवपूजन निवासी पहलन थाना भरेह जनपद इटावा।

जनपद सुलतानपुर/थाना धनपतगंज

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 08 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 04 किलो 252 ग्राम चांदी के आभूषण व नोट आदि**
- **01 अवैद तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 06.11.2026 को थाना धनपतगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सेवरा के पास से 02 अभियुक्तों 1–लल्लन 2–राधेश्याम को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 08 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 04 किलो 252 ग्राम चांदी के आभूषण व नोट आदि, 01 अवैद तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04.11.2026 को थाना धनपतगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना धनपतगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना धनपतगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—लल्लन निवासी ग्राम सेवरा थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर।

2—राधेश्याम निवासी ग्राम सेवरा थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर।

बरामदगी

1—लगभग 08 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 04 किलो 252 ग्राम चांदी के आभूषण व नोट आदि।

2—01 अवैद तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

जनपद जालौन/थाना एट

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 13 हजार 200 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 06.11.2026 को थाना एट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लपरौना नहर पुलिया के पास से अभियुक्त भरतलाल को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के 13 हजार 200 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.10.2026 को थाना एट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना एट पर अभियोग

पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना एट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–भरतलाल निवासी कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन, स्थाईपता ग्राम जखनवारा थाना एरच जनपद झाँसी।

बरामदगी

1–लूट के 13 हजार 200 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

जनपद मऊ/थाना सरायलखन्सी

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 45 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 06.11.2026 को थाना सरायलखन्सी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बढुआ गोदाम–मतलूपुर हाइवेपर ताजोपुर के पास से अभियुक्त नीरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 45 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–नीरज निवासी वृत्तिया थाना व जनपद गोपालगंज बिहार, हालपता 25 फुटा रोड बौद्ध बिहार थाना बेवसिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

- **<u>जनपद इटावा/थाना सिविल लाइन (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 20–20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद इटावा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद इटावा द्वारा थाना सिविल लाइन पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–मुनेश 2–अभियुक्ता को आजीवन कारावास व 20–20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बांदा/थाना गिरवां (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 13–13 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बांदा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बांदा द्वारा थाना गिरवां पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/323/504/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–रामकिशोर 2–कंजीलाल 3–बिहारीलाल 4–अमर को आजीवन कारावास व 13–13 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद औरैया/थाना बेला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद औरैया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद औरैया द्वारा थाना बेला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 394 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त स्वदेश को 07 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————